Title: Re: Electrification of Nainpur-Chhindwara railway line and investigation into construction work of railway infrastructure in Seoni.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले नैनपुर-छिंदवाड़ा रेलखंड के रेलगेज कन्वर्जन का कार्य पूर्णता की ओर है, केवल विद्युतीकरण कार्य लंबित है, जिस कारण रेल का परिचालन नहीं हो पा रहा है । सिवनी मुख्यालय में बनने वाले रेलवे स्टेशन और रैक पाइंट के निर्माण के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है । स्टेशन एवं रैक पाइंट के निर्माण कार्य में कथित रूप से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है । ठेकेदार द्वारा कथित रूप से स्टेशन में की जा रही अनियमितता, गुणवत्ताहीन एवं लापरवाहीपूर्ण कार्य कराने की वजह से सरकार की छवि को नुकसान हो रहा है । मेरे द्वारा महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर को पत्र लिखकर जाँच कराने हेतु लिखा गया था, किन्तु उनके द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया ।

आपसे आग्रह है कि सिवनी मुख्यालय में बनने वाले स्टेशन, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, रैक पाइंट एवं अन्य रेलवे कार्यो की गुणवत्ता की जाँच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए तथा विद्युतीकरण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित करते हुए सिवनी से रेल परिचालन प्रारंभ कराया जाये, जिससे जिलेवासियों को लाभ मिल सके । धन्यवाद।